**Series OSR/C**

myCBSEguide.com A Complete guide for CBSE students

कोड नं. **58/2**

**Code No.**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **32** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **32** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# अर्थशास्त्र

# ECONOMICS

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 100*

myCBSEguide.com
A Complete guide for CBSE students

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* दोनों खण्डों के **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

*(ii)* प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

*(iii)* प्रश्न संख्या **1 – 5** तथा **17 – 21** अति लघुत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक का **1** अंक है । इनका प्रत्येक का उत्तर **एक वाक्य** में ही अपेक्षित है ।

*(iv)* प्रश्न संख्या **6 – 10** और **22 – 26** लघुत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **3** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **60** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

*(v)* प्रश्न संख्या **11 – 13** और **27 – 29** भी लघुत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **4** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **70** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

*(vi)* प्रश्न संख्या **14 – 16** और **30 – 32** व्याख्यात्मक उत्तर वाले प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **6** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

*(vii)* तारांकित (*) प्रश्न मूल्याधारित प्रश्न हैं ।

*(viii)* उत्तर संक्षिप्त तथा तथ्यात्मक होने चाहिए तथा यथासंभव ऊपर दी गई सीमा के अंतर्गत ही दिए जाने चाहिए ।

**General Instructions :**

*(i)* ***All*** *questions in both the sections are compulsory.*

*(ii)* *Marks for questions are indicated against each.*

*(iii)* *Questions No.* ***1 – 5*** *and* ***17 – 21*** *are very short-answer questions carrying* ***1*** *mark each. They are required to be answered in* ***one sentence*** *each.*

*(iv)* *Questions No.* ***6 – 10*** *and* ***22 – 26*** *are short-answer questions carrying* ***3*** *marks each. Answers to them should normally not exceed* ***60*** *words each.*

*(v)* *Questions No.* ***11 – 13*** *and* ***27 – 29*** *are also short-answer questions carrying* ***4*** *marks each. Answers to them should normally not exceed* ***70*** *words each.*

*(vi)* *Questions No.* ***14 – 16*** *and* ***30 – 32*** *are long-answer questions carrying* ***6*** *marks each. Answers to them should normally not exceed* ***100*** *words each.*

*(vii)* *Questions marked star (*) are value-based questions.*

*(viii)* *Answers should be brief and to the point and the above word limits should be adhered to as far as possible.*

myCBSEguide.com
A Complete guide for CBSE students

## खण्ड अ

## SECTION A

***1.** उस आर्थिक मूल्य का नाम बताइए जो कि देश में संसाधनों में वृद्धि लाने के प्रयत्नों से प्राप्त हो सकती है । *1*

Name the economic value achievable when attempts are made to increase resources in the country.

**2.** वस्तु की पूर्ति को पूर्णतया कीमत बेलोचदार कब कहा जाता है ? *1*

When is supply of a good said to be perfectly price inelastic ?

**3.** बाज़ार पूर्ति की परिभाषा दीजिए । *1*

Define market supply.

**4.** माँग की परिभाषा दीजिए । *1*

Define demand.

**5.** स्थिर लागतों के दो उदाहरण दीजिए । *1*

Give two examples of fixed costs.

**6.** A और B पूरक वस्तुएँ हैं । A की कीमत में परिवर्तन के B की माँग पर प्रभाव की व्याख्या कीजिए । *3*

A and B are complementary goods. Explain the effects of change in price of A on demand for B.

**7.** एक वस्तु की पूर्ति "घटने" के किन्हीं दो कारणों की व्याख्या कीजिए । *3*

**अथवा**

पूर्ति वक्र के दाँई ओर खिसकने के किन्हीं दो कारणों की व्याख्या कीजिए ।

Explain any two causes of "decrease" in supply of a commodity.

**OR**

Explain any two causes of a rightward shift of supply curve.

**8.** उत्पादन के प्रत्येक स्तर पर सीमान्त लागत का परिकलन कीजिए : *3*

| उत्पादन (इकाइयाँ) | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| औसत परिवर्ती लागत (₹) | 24 | 22 | 20 | 18 | 18 | 20 |

myCBSEguide.com
A Complete guide for CBSE students

Calculate marginal cost at each level of output :

| Output (units) | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Average variable cost (₹) | 24 | 22 | 20 | 18 | 18 | 20 |

**9.** निम्नलिखित आँकड़ों से पूर्ति की कीमत लोच का परिकलन कीजिए : *3*

| कीमत प्रति इकाई (₹) | 8 | 10 |
|---|---|---|
| कुल संप्राप्ति (आगम) (₹) | 1000 | 1500 |

From the following data calculate price elasticity of supply :

| Price per unit (₹) | 8 | 10 |
|---|---|---|
| Total Revenue (₹) | 1000 | 1500 |

**10.** 'कैसे उत्पादन करें' की समस्या क्यों उत्पन्न होती है ? व्याख्या कीजिए । *3*

Why does the problem of 'how to produce' arise ? Explain.

**11.** एकाधिकार की परिभाषा दीजिए । एकाधिकार की मुख्य विशेषताएँ बताइए । *4*

Define monopoly. State the main features of monopoly.

**12.** एक वस्तु की माँग की कीमत लोच (–) 0·5 है । ₹ 40 प्रति इकाई कीमत पर इसकी माँग 300 इकाई है । किस कीमत पर इसकी माँग 20 प्रतिशत बढ़ेगी ? *4*

The price elasticity of demand of a good is (–) 0·5. At a price of ₹ 40 per unit its demand is 300 units. At what price will its demand increase by 20 percent ?

**13.** बजट रेखा और बजट प्रतिबंध के समीकरणों के बीच अंतर समझाइए । *4*

Explain the distinction between the equations of budget line and budget constraint.

**14.** अनधिमान वक्रों की विशेषताओं की व्याख्या कीजिए । *6*

**अथवा**

उपयोगिता विश्लेषण के द्वारा उपभोक्ता संतुलन की शर्तों की व्याख्या कीजिए ।

Explain the characteristics of indifference curves.

**OR**

Explain the conditions of consumer's equilibrium using utility analysis.

myCBSEguide.com
A Complete guide for CBSE students

**15.** निम्नलिखित आँकड़ों से उत्पादन का वह स्तर ज्ञात कीजिए जिस पर उत्पादक संतुलन में है । अपने उत्तर के लिए कारण दीजिए । (सीमान्त लागत और सीमान्त आगम विधि का प्रयोग कीजिए) *6*

| उत्पादन (इकाई) | कुल संप्राप्ति (आगम) (₹) | कुल लागत (₹) |
|---|---|---|
| 1 | 12 | 14 |
| 2 | 24 | 26 |
| 3 | 36 | 36 |
| 4 | 48 | 48 |
| 5 | 60 | 62 |

From the following data find out the level of output at which the producer is in equilibrium. Give reasons for your answer. (Use marginal cost, marginal revenue approach)

| Output (units) | Total Revenue (₹) | Total Cost (₹) |
|---|---|---|
| 1 | 12 | 14 |
| 2 | 24 | 26 |
| 3 | 36 | 36 |
| 4 | 48 | 48 |
| 5 | 60 | 62 |

**16.** वस्तु की बाज़ार कीमत के उसकी संतुलन कीमत से अधिक होने पर बाज़ार में होने वाले परिवर्तनों की व्याख्या कीजिए । रेखाचित्र का उपयोग कीजिए । *6*

Explain the changes that will take place in the market when market price of a good is greater than its equilibrium price. Use diagram.

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल* ***दृष्टिहीन परीक्षार्थियों*** *के लिए प्रश्न संख्या 16 के स्थान पर है ।*

***Note :*** *The following question is for the* ***Blind Candidates*** *only in lieu of Q. No. 16.*

वस्तु की बाज़ार कीमत के उसकी संतुलन कीमत से अधिक होने पर बाज़ार में होने वाले परिवर्तनों की व्याख्या कीजिए । एक तालिका का प्रयोग कीजिए । *6*

Explain the changes that will take place in the market when market price of a good is greater than its equilibrium price. Use a schedule.

myCBSEguide.com
A Complete guide for CBSE students

## खण्ड ब

## SECTION B

**17.** देशीय उत्पाद की परिभाषा दीजिए । *1*

Define domestic product.

**18.** राजस्व व्यय के दो उदाहरण दीजिए । *1*

Give two examples of revenue expenditure.

**19.** आरक्षित नकदी निधि अनुपात से क्या अभिप्राय है ? *1*

What is meant by cash reserve ratio ?

**20.** अप्रत्यक्ष कर की परिभाषा दीजिए । *1*

Define an indirect tax.

**21.** मूल्यह्रास का अर्थ बताइए । *1*

Give the meaning of depreciation.

**22.** सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति का मूल्य सीमान्त बचत प्रवृत्ति से दुगुना है । गुणक का मूल्य ज्ञात कीजिए । *3*

The value of marginal propensity to consume is double the value of marginal propensity to save. Find the value of multiplier.

**23.** एक अर्थव्यवस्था में प्रत्याशित व्यय प्रत्याशित उत्पादन से अधिक है । अर्थव्यवस्था में होने वाले सभी परिवर्तनों की व्याख्या कीजिए । *3*

In an economy planned spending is greater than planned output. Explain all the changes that will take place in the economy.

**24.** वास्तविक और मौद्रिक सकल देशीय उत्पाद में भेद कीजिए । *3*

Distinguish between real and nominal gross domestic product.

**25.** भुगतान संतुलन खाते के व्यापार संतुलन और चालू लेखा संतुलन में भेद कीजिए । *3*

Distinguish between Balance of trade and Balance on current account of the Balance of Payments account.

myCBSEguide.com
A Complete guide for CBSE students

**26.** मुद्रा के 'लेखा की इकाई' कार्य की व्याख्या कीजिए । *3*

**अथवा**

'बैंकरों के बैंक' के रूप में केन्द्रीय बैंक की भूमिका की व्याख्या कीजिए ।

Explain the 'unit of account' function of money.

**OR**

Explain the role of central bank as the 'Bankers' Bank'.

**27.** केन्द्रीय बैंक अर्थव्यवस्था में साख निर्माण को "बैंक दर" द्वारा कैसे नियंत्रित करता है ? समझाइए । *4*

How does the central bank control credit creation in the economy through "Bank Rate" ? Explain.

**28.** निम्नलिखित आँकड़ों से "कारक लागत पर निवल मूल्य संवृद्धि" का परिकलन कीजिए : *4*

| | | *(₹ लाखों में)* |
|---|---|---|
| (i) | बिक्री | 400 |
| (ii) | स्टॉक में परिवर्तन | (–) 20 |
| (iii) | मध्यवर्ती उपभोग | 200 |
| (iv) | निवल अप्रत्यक्ष कर | 40 |
| (v) | निर्यात | 50 |
| (vi) | मूल्यह्रास | 30 |

**अथवा**

क्या सकल घरेलू उत्पाद लोगों के आर्थिक कल्याण का सही सूचक है ? अपने उत्तर के समर्थन में दो कारण दीजिए ।

myCBSEguide.com A Complete guide for CBSE students

From the following data calculate "Net value added at factor cost".

| | | (₹ *in Lakhs)* |
|---|---|---|
| (i) | Sales | 400 |
| (ii) | Change in stock | (–) 20 |
| (iii) | Intermediate consumption | 200 |
| (iv) | Net indirect taxes | 40 |
| (v) | Exports | 50 |
| (vi) | Depreciation | 30 |

**OR**

Is gross domestic product a true index of economic welfare of the people ? Give two reasons in support of your answer.

***29.** सरकार सोने के स्वायत्त आयात को कम करने हेतु उपाय करती है । इसके पीछे क्या आर्थिक मूल्य प्राप्त करने की इच्छा हो सकती है ? समझाइए । *4*

Government takes measures to restrict autonomous imports of gold. Explain the economic values desired to be achieved from this.

**30.** राष्ट्रीय आय का परिकलन कीजिए : *6*

| | | *(₹ करोड़ों में)* |
|---|---|---|
| (i) | शेष विश्व से निवल चालू हस्तांतरण | 30 |
| (ii) | निजी अन्तिम उपभोग व्यय | 400 |
| (iii) | निवल देशीय पूँजी निर्माण | 100 |
| (iv) | स्टॉक में परिवर्तन | 50 |
| (v) | मूल्यह्रास | 20 |
| (vi) | सरकारी अन्तिम उपभोग व्यय | 200 |
| (vii) | निवल निर्यात | 40 |
| (viii) | निवल अप्रत्यक्ष कर | 80 |
| (ix) | विदेशों को निवल कारक आय का भुगतान | 10 |

**अथवा**

निम्नलिखित आँकड़ों से वैयक्तिक प्रयोज्य आय का परिकलन कीजिए myCBSEguide.com A Complete guide for CBSE students 6

*(₹ करोड़ों में)*

| | | |
|---|---|---|
| (i) | निजी क्षेत्र को कारक लागत पर निवल देशीय उत्पाद से अर्जित आय | 800 |
| (ii) | राष्ट्रीय ऋण पर ब्याज | 50 |
| (iii) | सरकार से चालू हस्तांतरण | 70 |
| (iv) | निजी कंपनी क्षेत्रक की बचत | 200 |
| (v) | निगम कर | 40 |
| (vi) | परिवारों द्वारा दिए गए प्रत्यक्ष कर | 30 |
| (vii) | मूल्यह्रास | 60 |
| (viii) | विदेशों से निवल कारक आय | 20 |
| (ix) | विदेशों को निवल चालू हस्तांतरण | (–) 10 |

Calculate national income :

*(₹ in Crores)*

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Net current transfer from rest of the world | 30 |
| (ii) | Private final consumption expenditure | 400 |
| (iii) | Net domestic capital formation | 100 |
| (iv) | Change in stock | 50 |
| (v) | Depreciation | 20 |
| (vi) | Government final consumption expenditure | 200 |
| (vii) | Net exports | 40 |
| (viii) | Net indirect taxes | 80 |
| (ix) | Net factor income paid to abroad | 10 |

**OR**

myCBSEguide.com
A Complete guide for CBSE students

From the following data calculate personal disposable income :

| | | (₹ *in Crores)* |
|---|---|---|
| (i) | Net domestic product at factor cost accruing to private sector | 800 |
| (ii) | National Debt interest | 50 |
| (iii) | Current transfers from government | 70 |
| (iv) | Savings of private corporate sector | 200 |
| (v) | Corporation tax | 40 |
| (vi) | Direct taxes paid by households | 30 |
| (vii) | Depreciation | 60 |
| (viii) | Net factor income from abroad | 20 |
| (ix) | Net current transfers to abroad | (–) 10 |

**31.** (अ) समग्र माँग की परिभाषा दीजिए । इसके घटक क्या-क्या हैं ?

(ब) एक अर्थव्यवस्था के बारे में दिए गए निम्नलिखित आँकड़ों से उसकी आय के संतुलन स्तर का परिकलन कीजिए : *6*

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति | = | 0·75 |
| (ii) | स्वायत्त उपभोग | = | 200 |
| (iii) | निवेश | = | 6000 |

(a) Define aggregate demand. What are its components ?

(b) From the following data about an economy, calculate its equilibrium level of income :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | Marginal propensity to consume | = | 0·75 |
| (ii) | Autonomous consumption | = | 200 |
| (iii) | Investment | = | 6000 |

**32.** सरकारी बजट के निम्नलिखित उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए : *6*

myCBSEguide.com A Complete guide for CBSE students

(अ) संसाधनों का आबंटन

(ब) आय की असमानताओं को कम करना

Explain the following objectives of government budget :

(a) Allocation of resources

(b) Reduction in inequalities of income